CIVIL SERVICES (MAIN) EXAM-2022

CRNA-S-PSYC

# मनोविज्ञान / PSYCHOLOGY

## प्रश्न-पत्र II / Paper II

| | |
|---|---|
| निर्धारित समय : **तीन घंटे** | अधिकतम अंक : **250** |
| *Time Allowed : **Three** Hours* | *Maximum Marks : **250*** |

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

***कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :***

*इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा हिन्दी और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हुए हैं ।*

*परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।*

*प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।*

## Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** **निम्नलिखित में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में उत्तर दीजिए :**

**Answer the following in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) अनुसंधान के आलोक में, प्रतिभाशाली बच्चों के संज्ञानात्मक कौशल को बढ़ाने के विभिन्न तरीकों की विवेचना कीजिए ।

In the light of research, discuss various ways to enhance cognitive skills of the gifted children. *10*

(b) कुछ माप विश्वसनीय हो सकते हैं लेकिन मान्य नहीं । प्रासंगिक उदाहरणों सहित समझाइए ।

Some measures can be reliable but not valid. Illustrate with relevant examples. *10*

(c) सत्ता और राजनीति कैसे साथ-साथ चलती हैं, व्याख्या कीजिए ।

Explain how power and politics go hand-in-hand. *10*

(d) सामुदायिक मनोविज्ञान क्या है ? सामुदायिक मनोवैज्ञानिक के कुछ कौशल तथा गुणों का उल्लेख कीजिए ।

What is community psychology ? Mention few skills and qualities a community psychologist should have. *10*

(e) असामान्य व्यवहार को चिह्नित करने के लिए विभिन्न मानदंड क्या हैं ?

What are different criteria for labelling abnormal behaviour ? *10*

**Q2.** (a) मानसिक रूप से बीमार भारतीय युवाओं के पुनर्वास के लिए आवश्यक विभिन्न रणनीतियों की चर्चा कीजिए ।

Discuss the various strategies necessary for rehabilitation of mentally ill Indian youth. *15*

(b) भारतीय युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य हेतु चुनौतियों की चर्चा कीजिए । एक मनोवैज्ञानिक के रूप में, उनके मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने के तरीके सुझाइए ।

Discuss the challenges to mental health of Indian youth. As a psychologist, suggest ways to foster their mental health. *15*

(c) दुश्चिंता विकार विकसित करने में जीवविज्ञान, अनुकूलन, अनुभूति और तनाव की महत्त्वपूर्ण भूमिका का वर्णन कीजिए ।

Describe the instrumental role of biology, conditioning, cognition and stress in developing anxiety disorder. *20*

**Q3.** (a) अपने देश के साधारण परिदृश्य के संदर्भ में, 'पाठशाला के बाहर' के व्यावसायिक मार्गदर्शन का महत्त्व विस्तार से बताइए । इसके लिए किन विशेष रणनीतियों का उपयोग किया जाना चाहिए ?

With reference to the general scenario of our country, elaborate the significance of 'out of school' vocational guidance. Which special strategies should be used for it ? *15*

(b) नैदानिक व्यवस्था में मनोवैज्ञानिक परीक्षणों के उपयोगों, दुरुपयोगों तथा सीमाओं पर चर्चा कीजिए ।

Discuss uses, misuses and limitations of psychological tests in clinical setting. *20*

(c) चयन को संगठन में युवा बल की भर्ती की प्रक्रिया क्यों माना जाता है ? कर्मचारी चयन में शामिल चरणों की चर्चा कीजिए ।

Why is selection considered to be a process of infusion of fresh blood in the organisation ? Discuss the steps involved in employee selection. *15*

**Q4.** (a) तर्कसंगत भावनात्मक व्यवहार चिकित्सा की महत्त्वपूर्ण संकल्पनाओं की इसके अनुप्रयोगों के साथ चर्चा कीजिए ।

Discuss important concepts of Rational Emotive Behaviour Therapy along with its applications. *15*

(b) संज्ञानात्मक समस्याओं से ग्रसित वृद्धों को आने वाली प्रमुख बाधाओं पर चर्चा कीजिए । उनके मनोसामाजिक स्वास्थ्य में सुधार करने के लिए प्रयुक्त रणनीतियों का उल्लेख कीजिए ।

Discuss the major limitations of the aged having cognitive problems. Mention strategies used to improve their psycho-social health. *15*

(c) समाज में मानसिक स्वास्थ्य तथा कल्याण को संबोधित करने के लिए सामुदायिक मनोवैज्ञानिक किस प्रकार सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन ला सकते हैं ? उपयुक्त उदाहरणों सहित समझाइए ।

How can community psychologists bring positive social change in order to address mental health and well-being in society ? Explain with suitable examples. *20*

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** **निम्नलिखित में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में उत्तर दीजिए :**

**Answer the following in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) उपयुक्त उदाहरणों का हवाला देते हुए सामाजिक एकीकरण की अवधारणा की व्याख्या कीजिए ।

Explain the concept of social integration citing suitable examples. *10*

(b) इंटरनेट की लत लगने से किशोरों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की चर्चा कीजिए । इसकी रोकथाम हेतु हस्तक्षेप सुझाइए ।

Discuss the ill effects of Internet addiction among adolescents. Suggest intervention for arresting the same. *10*

(c) उद्यमशीलता के व्यवहार की विशेषताओं की चर्चा कीजिए ।

Discuss the characteristics of entrepreneurial behaviour. *10*

(d) अपने वास्तविक जीवन में प्रौद्योगिकीय विकास के नकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डालिए ।

Throw light on negative impact of technological growth in our real life. *10*

(e) मनोविज्ञान के कौन-से सिद्धान्त खिलाड़ियों में टीम भावना विकसित करने में सहायक होते हैं ?

Which principles of psychology are helpful for developing team spirit in sportspersons ? *10*

**Q6.** (a) वंचित बच्चों को उनके विकास के लिए शिक्षित एवं प्रेरित करने में सरकार के कई नवाचारों और कार्यक्रमों का समीक्षात्मक परीक्षण कीजिए ।

Critically examine the numerous innovations and programmes of the Government in educating and motivating disadvantaged children towards their development. *15*

(b) कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के स्वरूप और मनोवैज्ञानिक परिणामों की चर्चा कीजिए । उस पर काबू पाने के लिए विभिन्न व्यवहारात्मक प्रतिरूप सुझाइए ।

Discuss nature and psychological consequences of sexual harassment of women at workplace. Suggest different behavioural patterns to overcome it. *20*

(c) समाजानुकूल या असामाजिक व्यवहार को बढ़ावा देने में संचार माध्यम प्रमुख कारकों में से एक है । अपने दृष्टिकोण का प्रतिवाद कीजिए ।

Media is one of the key factors in promoting pro-social or anti-social behaviour. Defend your point of view. *15*

**Q7.** (a) हमारी संस्कृति में युवाओं के भावनात्मक स्वास्थ्य और मूल्यों पर जनसंचार माध्यमों के प्रभावों को विस्तार से बताइए ।

Elaborate the effects of mass media on emotional health and values of youth in our culture. *15*

(b) वंचित बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा करने में वातावरण, संस्कृति तथा सामाजिक-आर्थिक संबंध किस प्रकार महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, चर्चा कीजिए ।

Discuss how environment, culture and socio-economic relationships play an important role to meet the needs of disadvantaged children. *15*

(c) सामाजिक संघर्षों के कारण-कारकों का पता लगाइए और समाधान के तरीकों का सुझाव दीजिए ।

Explore causal factors of social conflicts and suggest methods of resolution. *20*

**Q8.** (a) विज्ञापन किस प्रकार लोगों को बुद्धिमानी से खरीदने तथा उच्च जीवन स्तर की दिशा में कदम उठाने के लिए सक्षम करते हैं ? समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

How does advertising help people to buy intelligently and enable them to take a step in the direction of a higher standard of living ? Critically examine. *15*

(b) मनोसामाजिक एवं शारीरिक समस्याओं के कारकों के रूप में प्रदूषण एवं भीड़-भाड़ पर चर्चा कीजिए । कुछ समस्याओं का हवाला देते हुए उपचारात्मक रणनीतियों की अनुशंसा कीजिए ।

Discuss pollution and crowding as agents of psycho-social and physical problems. Cite few problems and recommend remedial strategies. *20*

(c) लिंग अन्विति सिद्धान्त (Gender Schema Theory) की चर्चा कीजिए तथा पारंपरिक परिवार में एक गृहिणी के व्यक्तित्व की व्याख्या करने में इसके योगदान का वर्णन कीजिए ।

Discuss Gender Schema Theory and describe its contribution in explaining the personality of a housewife in a traditional family. *15*